# समाचार

## स्वच्छता पखवाड़ा

## 18 विद्यालय एवं संस्थाओं ने किया ओव्हरब्रिज खंभों में पेंटिंग कार्य

## (महापौर, कलेक्टर, आयुक्त, सभापति ने स्थल पर पहुंचकर छात्र–छात्राओं का किया उत्साहवर्धन)




कोरबा 06 जनवरी 2016 –स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत संचालित किए जा रहे चतुर्थ चरण के स्वच्छता पखवाड़े के तहत आज चलाए गए अभियान में स्वच्छता उत्सव का स्वरूप धारण कर लिया। 18 विद्यालयों व संस्थाओं के छात्र–छात्राओं एवं प्रतिनिधियों ने ओव्हरब्रिज के खंभों में विभिन्न थीम पर पेंटिंग का कार्य किया। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल, कलेक्टर श्री पी.दयानंद, आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल, सभापति श्री धुरपाल सिंह कंवर ने स्थल पर पहुंचकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

01 जनवरी से 15 जनवरी तक '' अंडरपास, फ्लाईओव्हर क्षेत्र एवं मुख्य मार्ग '' विषय पर संचालित किए जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत 04 जनवरी को ओव्हरब्रिज की खंभों की सफाई, 05 जनवरी को ओव्हरब्रिज के खंभों की पोताई का कार्य कराया गया था। आज 06 जनवरी को इन खंभों पर विद्यालय के छात्र–छात्राओं एवं अन्य संस्थाओ के प्रतिनिधियों ने विभिन्न थीम पर म्यूरल्स पेंटिंग का कार्य किया। यहां उल्लेखनीय है कि शासन के दिशा निर्देशों के तहत स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कलेक्टर श्री पी.दयानंद के मार्गदर्शन में कोरबा जिले में स्वच्छता पखवाड़े संचालित किए जा रहे है। नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल के दिशा निर्देशन में संचालित किए जा रहे पृथक–पृथक विषयों पर आधारित स्वच्छता पखवाड़ो की कड़ी में 01 जनवरी से 15 जनवरी तक '' अंडरपास, फ्लाईओव्हर क्षेत्र एवं मुख्य मार्ग '' विषय पर चतुर्थ चरण का स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इसी कडी में आज ओव्हरब्रिज के 16 खंभों एवं 02 दीवालों पर म्यूरल्स पेंटिंग का कार्य किया गया।

**विभिन्न थीम पर की गई पेंटिंग्स**– विद्यालय के छात्र–छात्राओं एवं संस्थाओं द्वारा विभिन्न थीम पर म्यूरल्स पेंटिंग इन खंभों पर की गई। स्वच्छ भारत मिशन, पर्यावरण संरक्षण व वृक्षों की सुरक्षा, बालिका संरक्षण एवं सुरक्षा, शौचालय की आवश्यकता व महत्ता, ऊर्जा सरक्षण, पानी के बचाव, शिक्षा की आवश्यकता, रक्तदान महादान, छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य गेड़ी तथा बस्तर आर्ट सहित अन्य विभिन्न विषयों पर आधारित थीमों पर म्यूरल्स पेंटिंग बनाई गई।

**महापौर, कलेक्टर ने किया बच्चों का उत्साहवर्धन**– आज संचालित किए गए म्यूरल्स पेंटिंग बनाए जाने के अभियान के दौरान महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल, कलेक्टर श्री पी.दयानंद, सभापति श्री धुरपाल सिंह कंवर, आयुक्त श्री अजय कुमार

अग्रवाल ने पूरे क्षेत्र में भ्रमण कर बनाई जा रही म्यूरल्स पेंटिंग का अवलोकन किया, उन्होने छात्र–छात्राओं का उत्साहवर्धन किया तथा उनके कार्यो की भूरि–भूरि प्रशंसा की। इस मौके पर महापौर श्रीमती अग्रवाल एवं कलेक्टर श्री पी.दयानंद ने छात्र–छात्राओं से कहा कि निश्चित रूप से उनके द्वारा बहुत महत्वपूर्ण योगदान नगर को दिया जा रहा है, उनकी सहभागिता अविस्मरणीय रहेगी, उन्होने छात्र–छात्राओं के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

<u>इनके द्वारा की गई म्यूरल्स पेंटिंग</u>– आज कोरबा ओव्हरब्रिज के खंभों में वार्ड क्र. 02 के स्वच्छतादूतों, सरस्वती शिशु मंदिर कोरबा पूर्व, अग्रसेन स्कूल, एन.सी.डी.सी. विद्यालय, डी.डी.एम. स्कूल, सेंट विसेंट पैलोटी स्कूल, डी.ए.व्ही.स्कूल कोरबा, न्यू एरा स्कूल, सेंट जेवियर स्कूल, अग्रसेन महाविद्यालय कोरबा, एम.एल.सी.कम्प्यूटर सेंटर, के.एन. कालेज, सरस्वती शिशु मंदिर सीतामणी, लायंस स्कूल, पी.डब्ल्यू.डी. शास.विद्यालय रामपुर, विद्युतगृह उच्च.माध्य.विद्यालय कोरबा पूर्व, शासकीय विद्यालय कोरबा आदि के छात्र–छात्राओं तथा विवेक अग्रवाल एण्ड प्रशिक्षक ग्रुप के सदस्यों ने म्यूरल्स पेंटिंग का कार्य किया।

<u>जनप्रतिनिधियों की रही सहभागिता</u>– आज चलाए गए स्वच्छता अभियान तथा म्यूरल्स पेंटिंग कार्य के दौरान निगम के पार्षदों एवं जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वार्ड क्र. 02 के पार्षद श्री विकास अग्रवाल ने अपना स्वच्छतादूतों की टीम के साथ कार्य के प्रारंभ से कार्य के अंत तक पूर्ण रूप से सक्रिय रहकर अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसी प्रकार चेम्बर आफ कामर्स के अध्यक्ष श्री रामसिंह अग्रवाल, मेयर इन काउंसिल सदस्य दिनेश सोनी, नेता प्रतिपक्ष योगेश जैन, पार्षद सिरमनजीत कौर, राजा गुप्ता, मनीष शर्मा, रवि महाराज, दिनेश वैष्णव, शैलेन्द्र सिंह, महेन्द्र देवांगन, एल्डरमेन मंजू सिंह एवं झकेन्द्र देवांगन ने भी आयोजन में अपनी सहभागिता प्रदान की। कांग्रेस कमेटी की प्रदेश संगठन मंत्री कुसुम द्विवेदी, प्रवक्ता संगीता सक्सेना, शहर जिलाध्यक्ष सपना चौहान, ममता अग्रवाल, मंगल बुधिया, जयंती वर्मा, पूर्व सभापति संतोष राठौर, पूर्व पार्षद जगदीश श्रीवास, पुरूषोत्तम शर्मा, दीपेश सिंह, जितेन्द्र सिंह, अमरनाथ साहू आदि ने भी अभियान के दौरान अपनी सहभागिता प्रदान तथा छात्र–छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

<u>आयुक्त ने जताया आभार</u>– आज संचालित किए गए स्वच्छता अभियान एवं म्यूरल्स पेंटिंग अंकित किए जाने के कार्य में दिये गये महत्वपूर्ण सहयोग के प्रति आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल ने विभिन्न विद्यालय के छात्र–छात्राओं व उनके प्रबंधन, विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों, वार्ड क्र. 02 के स्वच्छतादूतों, निगम के पार्षदगणों तथा उक्त क्षेत्र के व्यवसायियों एवं नागरिकों के प्रति अपना हार्दिक आभार व्यक्त किया तथा कहा कि निश्चित रूप से यह हमारे लिए गौरव का विषय है कि आप सबके सहयोग से आज के अभियान को एक उत्सव का स्वरूप प्राप्त हुआ है।

<u>07 जनवरी को भगत सिंह चौक से सी.एस.ई.बी चौक तक होगा कार्य</u> –चतुर्थ चरण के स्वच्छता पखवाड़े के तहत 07 जनवरी को भगत सिंह चौक से सी.एस.ई.बी. चौक तक मुख्य मार्ग में विशेष साफ–सफाई का कार्य कराया जाएगा। निगम द्वारा उक्त क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे इस अवसर पर अपनी सहभागिता प्रदान करें। इसी प्रकार 08 जनवरी को स्टेडियम चौक से कर्मशाला होते हुए सी.एस.ई.बी. चौक तक, 11 जनवरी को सिविल लाईन मार्ग में, 12 जनवरी को जैन मंदिर चौक से तानसेन चौक तक, 13 जनवरी को राजमाता सिंधिया चौक दर्री से दर्री थाना चौक तक तथा 15 जनवरी को विवेकानंद उद्यान से ध्यानचंद चौक तक मुख्य मार्गो में विशेष साफ–सफाई कार्यो का संपादन कराया जाएगा।

संपादकव्यूरोचीफ......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

(रावेन्द्र सिंह)
**सहायक जनसंपर्क अधिकारी**
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)